यूटीयू और आईआईटी रुड़की के बीच समझौता

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि ने टेक्नोलॉजी इनक्यूबेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सोसाइटी बिजनेस इनक्यूबेटर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह, कुलसचिव डॉ. सत्येन्द्र सिंह, आईआईटी के निदेशक डॉ. केके पंत, सीईओ आजम अली खान ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। दोनों संस्थानों के बीच हुए इस समझौते का उद्देश्य स्टार्टअप और इनक्यूबेशन के क्षेत्र में विवि से सम्बद्ध संस्थानों में छात्रों को उद्यमिता में सहयोग करना है। मा.सि.रि.